लोकसभा अध्यक्ष ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता सरदार प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया

कोटा; 25 अप्रैल, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता सरदार प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

'पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ राजनेता सरदार प्रकाश सिंह बादल जी के निधन की खबर से आहत हूं।

उन्होंने आमजन और किसानों के हित में आजीवन संघर्ष किया। समाज, प्रदेश व देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने में भी श्री बादल ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। निस्संदेह, उनका निधन भारतीय राजनीति के एक युग का अंत है।

भगवान उनके परिवारजनों और समर्थकों को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति दे।'